# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8275 / 2025, दिनांकः 05 जून, 2025

अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

सेवा में,
**संकुल प्रभारी,**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया।**

**01.महर्षि भृगु संकुल, 02.महर्षि दर्दर संकुल, 03.बालेश्वर संकुल, 04.पशुपति संकुल, 05. तथागत संकुल, 06.श्रीनाथ बाबा संकुल, 07.पचरूखा संकुल, 08.नरहेजी संकुल, 09.वृत्तिकूट संकुल, 10. लखनेश्वर संकुल, 11.अवधूतेश्वर संकुल, 12.कामेश्वर धाम संकुल, 13.कंठमुक्तेश्वर संकुल, 14. भवानी संकुल।**

**विषयः–अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांकः 21 जून, 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं उनकी रिर्पोटिंग के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक **राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्याः ई–3458 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांकः 27 मई, 2025(छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'** के अवसर पर "Yoga for One Earth, One Health" विषयक थीम के अन्तर्गत दिनांकः 21 जून, 2025 को प्रातः 06:00 बजे मा0 प्रधानमन्त्री जी के उद्‌बोधन का लाईव टेलीकास्ट, योगा प्रोटोकॉल कार्यक्रमों के उपरान्त प्रातः 07:00 बजे से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। राजभवन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसार सूर्य नमस्कार में विश्व रिकार्ड स्थापित करने हेतु अपने संकुल से सम्बन्धित महाविद्यालयों में अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थियों का प्रतिभाग सुनिश्चयन के सम्बन्ध में यथासम्बन्धित महाविद्यालयों के साथ बैठक आहूत करते हुए कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करें। आज दिनांक 05 जून, 2025 को राजभवन के साथ हुई समीक्षा बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुरूप प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की सटीक संख्या की गणना हेतु प्रत्येक 25 प्रतिभागियों पर 01 गणक की व्यवस्था की जाय और कार्यक्रम के उपरान्त प्रतिभागियों की सटीक संख्या सम्बन्धित फोटोग्राफ एवं वीडियो रिकार्डिंग आदि के साथ अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**भवदीय,**

**(एस०एल० पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

01. माननीय कुलपति जी।
02. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक, सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
06. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**
**लखनऊ–226027**

पत्रांकःई– 3458/32–जी0एस0/2025
दिनांकः 27 मई, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के**
**अपर मुख्य सचिव,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर प्रातः 07:00 बजे ''एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम ''Yoga for One Earth, One Health'' के अनुसार दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कार्य–योजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ ''सूर्य नमस्कार योग मुद्रा'' कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

24/5/25

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव